03/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में नियामक प्रोटोकॉल और अग्नि सुरक्षा मानदंडों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता दोहराई है। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी स्वास्थ्य सुविधा में मरीजों, कर्मचारियों और विजिटर्स की सुरक्षा और स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। मंत्रालय ने हाल ही में इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और लगभग तीन सौ नब्बे स्वास्थ्य सेवा संगठनों के साथ बैठक की। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया कि एक मजबूत अग्नि सुरक्षा योजना की स्थापना और अग्नि-निकासी और सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने से न केवल नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित होगा बल्कि जान-माल की सुरक्षा भी होगी।

0000000000000000000000

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में 64 करोड से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 31 करोड से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाला, जो दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 के आम चुनाव में पांच सौ 40 पुनर्मतदान के विपरीत इस चुनाव में केवल 39 पुनर्मतदान हुए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 2019 में तीन हजार 500 करोड़ रुपये की तुलना में दस हजार करोड़ रुपये की जब्ती की गई, जिसमें नकदी, मुफ्त, ड्रग्स और शराब शामिल हैं।

इस आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 495 शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मजबूत मतगणना प्रक्रिया से संबंधित विवरणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतगणना केंद्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई है। प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रो पर्यवेक्षकों के साथ-साथ मतगणना केंद्रों पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कवरेज की जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि विपक्षी दल के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आयोग के समक्ष उठाये गये सभी मुद्दों का समाधान कर लिया गया है।

00000000000000000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन और भारतीय निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि सुंदर राजन ने कल ईटानगर के राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक से मुलाकात की। बैठक में राज्यपाल को निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य विधानसभा के लिए नव निर्वाचित सदस्यों के नाम की सूची जारी अधिसूचना की एक प्रति सौंपी गई। राज्यपाल ने मतदान के प्रबंधन और देखरेख में शामिल राज्य चुनाव कार्यालय, उसके अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने सभी नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को बधाई भी दी। राज्यपाल ने पुलिस और केंद्रीय तथा राज्य सुरक्षा कर्मियों और सभी मतदाताओं की भी सराहना की है।

00000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश देने वाले अरूणाचल प्रदेश के लोगों का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में एक बार फिर भाजपा में विश्वास व्यक्त करने वाले लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरूणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के लिए वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि यह जीत समृद्ध और विकसित अरूणाचल प्रदेश के प्रति लोगों की इच्छाशक्ति को दर्शाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि विकसित भारत और विकसित अरूणाचल प्रदेश के सपने को साकार करने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य में भाजपा की जीत के लिए भाजपा कार्यकार्ताओं, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और राज्य भाजपा प्रमुख बियुराम वाघे को धन्यवाद दिया।

000000000000000

लोकसभा चुनाव की कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव तथा कुछ विधानसभा सीटों के उप-चुनाव की मतगणना भी कल ही होगी। दिल्ली की सात, महाराष्ट्र की 48 और बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए भी वोटों की गिनती होगी। वोटों की गिनती सवेरे आठ बजे शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने बताया है कि रुझान और परिणाम आयोग की वेबसाइट results.eci.gov.in तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी उपलब्ध होंगे। 000000000000

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने अपनी अभूतपूर्व longitudinal health monitoring project, 'फेनोम इंडिया-सीएसआईआर हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस' (पीआई-चेक) के पहले चरण के सफल समापन की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित करने के लिए, सीएसआईआर ने आज गोवा में राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (एनआईओ) में एक विशेष कार्यक्रम 'फेनोम इंडिया अनबॉक्सिंग 1.0' का आयोजन किया।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा विभाग ने आज नई दिल्ली में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ डिजिटल लाइब्रेरी प्लेटफॉर्म, राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस बीच, राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय ऐप एंड्रॉइड और आईओएस दोनों डिवाइस पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा।

000000000000000000000000

लोहित जिले के मेदो में कमान मिशमी भाषा में प्रथम पुस्तको के उत्पादन के लिए आयोजित दो दिवसीय अनुवाद कार्यशाला कल संपन्न हुई। कार्याशाला का आयोजन फॉरम ऑफ लाइब्रेरी एक्टिविस्ट्स, मेदो, बंबूसा लाइब्रेरी तेजू और अरुणाचल प्रदेश साहित्य सोसायटी की लोहित इकाई द्वारा किया गया था। कार्याशाला में पंद्रह प्रतिभागियों ने भाग लिया और छह पुस्तकों के लिए पांडुलिपियाँ तैयार की गई।

00000000000000000000000

मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान बिजली गरजने और तेज हवाओं के साथ पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान व्यक्त किया है।

इस बीच मौसम विभाग ने राज्य की आठ जिलों में यल्लो अलर्ट जारी किया है। ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुमपारे, सियांग, शी - योमी, दिबांग वैली और लोअर दिबांग वैली में अगले कुछ दिनों में भारी वर्षा होने की संभावना है।

0000000000000000000000